APP-A
Crim-I

FORM No. III
फर्द अहकाम
(नियम 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी मुकाम कोटा

देवेन्द्र कुमार बनाम सरकार

किस्म मुकदमा 136 नं. 43 सन् 2025

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो किस हुक्म की तामील में जारी हुए
02/01/25	ग्राम सेवा शिविर 2025 के तहत आयोजित कैम्प स्थान ग्राम पंचायत काल्याखेड़ी में प्रार्थी देवेन्द्र की ओर से प्रार्थना पत्र राजस्थान भू0 राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के तहत पेश कर निवेदन किया है कि ग्राम फाटाखेड़ा पटवार हल्का काल्याखेड़ी में स्थित भूमि खाता संख्या 59 में प्रार्थी का नाम देवेन्द्र कुमार गोचर पुत्र धनराज दर्ज है। जबकि आधार कार्ड में देवेन्द्र कुमार गुर्जर पुत्र धनराज दर्ज है। अतः राजस्व रिकॉर्ड में नाम सही दर्ज किये जाने की कृपा करे। प्रार्थना पत्र के संबंध में तहसीलदार लाडपुरा से जॉच रिपोर्ट प्राप्त की गई। रिपोर्ट में तहसीलदार लाडपुरा द्वारा देवेन्द्र कुमार गोचर पुत्र धनराज का राजस्व रिकॉर्ड में नाम देवेन्द्र कुमार गुर्जर पुत्र धनराज किये जाने की अनुशंषा की है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार कर ग्राम फाटाखेड़ा की जमाबंदी खाता संख्या 59 में देवेन्द्र कुमार गोचर पुत्र धनराज के स्थान पर देवेन्द्र कुमार गुर्जर पुत्र धनराज दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। उक्त निर्णय आज दिनांक 02/01/25 को मेरे द्वारा लिखा जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफतर हो। (गजेन्द्र सिंह) उपखण्ड अधिकारी कोटा	